कार्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ

संयुक्त प्रवेश परीक्षा (पालीटेक्निक)–2020 से सम्बन्धित सूचना

प्रदेश की राजकीय, अनुदानित एवं निजी क्षेत्र की पालीटेक्निक संस्थाओं में चल रहे तीन वर्षीय डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम (ग्रुप–A), दो वर्षीय डिप्लोमा इन फार्मेसी पाठ्यक्रम (ग्रुप–E) तथा अन्य डिप्लोमा, पोस्ट डिप्लोमा पाठ्यक्रमों (ग्रुप– B, C, D, F, G, H, I) तथा लैटरल इन्ट्री से द्वितीय वर्ष डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम (ग्रुप–K) में शैक्षिक सत्र 2020–21 में प्रवेश हेतु संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा संयुक्त प्रवेश परीक्षा (पालीटेक्निक)–2020 का आयोजन दिनांक 26 अप्रैल, 2020 एवं 27 अप्रैल, 2020 को निम्न कार्यक्रम के अनुसार आयोजित किया जायेगा।

पाठ्यक्रम ग्रुप		परीक्षा दिवस एवं तिथि	परीक्षा समय एवं पाली
ग्रुप–A	(आफलाइन)	रविवार 26.04.2020	प्रातः पाली 9.00 से 12.00 तक
ग्रुप–E	(आफलाइन)	रविवार 26.04.2020	सायं पाली 2.30 से 5.30 तक
ग्रुप–B,C,D,F,G,H,I	(आनलाइन)	सोमवार 27.04.2020	प्रातः पाली 9.00 से 12.00 तक
ग्रुप–K1 to K8	(आनलाइन)	सोमवार 27.04.2020	सायं पाली 2.30 से 5.30 तक

पाठ्यक्रम ग्रुप–A, E हेतु आफलाइन परीक्षा केन्द्र सभी जिला–मुख्यालयों/शहरों में होंगे। आनलाइन परीक्षा केन्द्र सामान्यतया बड़े शहरों में होंगे। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए रु0 200.00 तथा सामान्य एवं अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए रु0 300. 00 आवेदन शुल्क निर्धारित है। आवेदन शुल्क स्टेट बैंक आफ इण्डिया/ आई0सी0आई0सी0आई0 बैंक की किसी भी शाखा में चालान अथवा नेट बैकिंग/डेबिट/क्रेडिट कार्ड द्वारा जमा किया जा सकता है। परीक्षा आवेदन–पत्र दिनांक 01.01.2020 से दिनांक 16.03.2020 तक केवल आनलाइन परिषद की वेबसाइट jeecup.nic.in पर उपलब्ध होंगे। समस्त पाठ्यक्रमवार उपलब्ध सीटों का विवरण परिषद की वेबसाइट jeecup.nic.in पर उपलब्ध हैं।

इस वर्ष प्रवेश परीक्षा हेतु एक अभ्यर्थी अधिकतम तीन आवेदन–पत्र भर सकता है। ग्रुप–A तथा ग्रुप–E में एक–एक तथा आनलाइन परीक्षा ग्रुपों B, C, D, F, G, H, I एवं K मे से कोई एक ग्रुप में आवेदन कर सकेगा। किसी एक ही ग्रुप में एक से अधिक आवेदन–पत्र भरे जाने पर अभ्यर्थन निरस्त किया जा सकता है। अभ्यर्थी अपने आरक्षण सम्बन्धी जैसे– जाति प्रमाण–पत्र (ओ0बी0सी0, एस0सी0/एस0टी0 एवं ई0डब्लू0एस0), आय प्रमाण–पत्र, मूल निवास प्रमाण–पत्र आदि नवीनतम प्रारूप पर बनवाकर रखें और उसी अनुसार आवेदन पत्र भरें, जिससे कि काउन्सिलिंग के समय डाक्यूमेन्ट मांगे जाने पर प्रस्तुत कर सकें। आवेदन–पत्र केवल आनलाइन ही भरा जायेगा।

अभ्यर्थी की आयु दिनांक 01.07.2020 को 14 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। अधिकतम आयु की कोई सीमा निर्धारित नहीं है, अर्थात् वर्ष–2020 में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी की जन्मतिथि 01.07.2006 अथवा इसके पूर्व की होनी चाहिए।

प्रवेश परीक्षा का परिणाम 21.05.2020 को घोषित किया जायेगा और काउन्सिलिंग की प्रक्रिया दिनांक 02.06.2020 से प्रारम्भ होगी।

30/01/2020

(एस0के0 वैश्य)
सचिव

(सन्तोष कुमार वैश्य)
सचिव
संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद
उत्तर प्रदेश लखनऊ

पृ0 संख्या : 100 /संप्रपप/ई0–2(प्रशा0)/2020, दिनांक : 30 जनवरी, 2020

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. समस्त उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0 को इस अनुरोध के साथ कि छात्र हित में सभी उच्च शिक्षण संस्थानों के नोटिस बोर्ड पर उक्त सूचना को चस्पा करने एवं छात्र/छात्राओं के मध्य प्रसारित हेतु सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को भेजने का कष्ट करें।
2. समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक, उ0प्र0 को इस अनुरोध के साथ कि पालीटेक्निक प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित सूचना समस्त हाईस्कूल एवं इण्टर कालेजों को छात्र/छात्राओं में प्रसारित एवं नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने के लिए विद्यालयों में भेजने का कष्ट करें।
3. समस्त संयुक्त निदेशक, व्यावसायिक शिक्षा, उ0प्र0 को इस अनुरोध के साथ कि अपने अधीन सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्यों को उक्त सूचना छात्र/छात्राओं में प्रसारित एवं नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने के लिए विद्यालयों में भेजने का कष्ट करें।
4. संयुक्त सचिव, प्राविधिक शिक्षा/निदेशक, संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ के अवलोकनार्थ।

30/01/2020

(एस0के0 वैश्य)
सचिव

सचिव
संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद
उ0प्र0 लखनऊ